आकाशवाणी मध्यप्रदेष

प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 25.12.2024 समय : 02.10pm

पीएम–केन बेतवा शिलान्यास

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज पूर्व प्रधानमंत्री और भारत–रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती पर मध्यप्रदेश के खजुराहो में देश की पहली महत्वाकांक्षी और बहुउद्देशीय केन–बेतवा राष्ट्रीय नदी जोड़ो परियोजना का शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री ने देश की पहली ओंकारेश्वर फ्लोटिंग सौर परियोजना का लोकार्पण और 1 हजार 153 अटल ग्राम सुशासन भवनों का भी भूमि–पूजन किया। श्री मोदी, स्व. वाजपेयी की स्मृति में स्टॉम्प और सिक्का जारी किया। शिलान्यास अवसर पर श्री मोदी ने सबसे पहले क्रिसमस दिवस की बधाई दी। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में एक साल में विकास की नई गति मिली है। उन्होंने कहा हमारे लिए सुशासन दिवस एक दिन का कार्यक्रम भर नहीं है। सुशासन भाजपा सरकारों की पहचान है। तभी तो देश की जनता ने लगातार तीसरी बार केंद्र में भाजपा की सरकार बनाई। इसके पीछे सुशासन का भरोसा ही सबसे प्रबल है।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा–

राज्यपाल–सुशासन शपथ

पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती देशभर में आज सुशासन दिवस के रूप में मनाई जा रही है। सुशासन दिवस के उपलक्ष्य में कल राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने राजभवन के अधिकारी–कर्मचारियों को सुशासन की शपथ दिलाई। उन्होंने सुशासन शपथ का निष्ठा के साथ पालन करने के निर्देश भी दिए।

राजधानी स्थित मंत्रालय में भी सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री चैतन्य कुमार काश्यप ने मंत्रालय के सरदार वल्लभ भाई पटेल पार्क में अधिकारी और कर्मचारियों को सुशासन की शपथ दिलाई। इस अवसर पर मुख्य सचिव अनुराग जैन सहित अन्य अधिकारी–कर्मचारी भी उपस्थित थे।

राष्ट्रपति–राज्यपाल

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने पांच राज्यपालों की नियुक्ति की है। पूर्व केंद्रीय मंत्री जनरल वी.के. सिंह को मिज़ोरम का राज्यपाल बनाया गया है। मिज़ोरम के राज्यपाल डॉ. हरि बाबू कंभमपति अब ओडिशा के राज्यपाल होंगे। ओडिशा के राज्यपाल रघुबर दास के इस्तीफे के बाद श्री कंभमपति को वहां का राज्यपाल नियुक्त किया गया है।

वहीं बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर को केरल का राज्यपाल नियुक्त किया गया है। वे आरिफ मोहम्मद खान का स्थान लेंगे जिन्हें अब बिहार का राज्यपाल बनाया गया है। इसी क्रम में पूर्व गृह सचिव अजय कुमार भल्ला को मणिपुर का राज्यपाल नियुक्त किया गया है।

ग्वालियर गौरव दिवस

पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती आज "ग्वालियर गौरव दिवस" के रूप में मनाई जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इस अवसर पर जिले की 8 विभूतियों को ग्वालियर गौरव सम्मान प्रदान करेंगे। ग्वालियर गौरव दिवस के आयोजन में सुप्रसिद्ध गायक सुरेश वाडकर और उनके बैंड की प्रस्तुतियाँ दी जाएंगी। समारोह में अटल जी के जीवन चरित्र पर केन्द्रित एक लघु फिल्म भी दिखाई जायेगी। साथ ही प्रदर्शनी भी लगेगी। आज से ग्वालियर में तीन दिवसीय विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर भी आयोजित होगा।

भारत–वेस्टइंडीज वनडे

महिला क्रिकेट में भारत ने कल दूसरे एक दिवसीय मैच में वेस्टइंडीज को 115 रन से हराकर तीन मैचों की आईसीसी चैम्पियनशिप श्रृंखला में दो–शून्य की अपराजय बढ़त हासिल कर ली। वडोदरा के कोटाम्बी स्टेडियम में भारत के 359 रन के विशाल लक्ष्य के जवाब में वेस्टइंडीज की पारी 46 ओवर और दो गेंदों में 243 रन पर सिमट गई। भारत की ओर से प्रिया मिश्रा ने तीन और दीप्ति शर्मा, प्रतिका रावल और टाइटस साधु ने दो–दो विकेट लिए।

क्रिसमस

क्रिसमस का त्योहार आज दुनिया भर में मनाया जा रहा है। समझा जाता है कि ईसा मसीह का जन्म आज ही के दिन हुआ था। इस अवसर पर गिरजाघरों की भव्य सजावट की जाती है। ईसा मसीह के जन्म–स्थल बेथलेहम में कल क्रिसमस सादगी से मनाया गया। इस बीच, रोम में पोप फ्रांसिस ने कैथोलिक चर्च में नववर्ष के उत्सव का शुभारंभ किया, जिसमें लगभग 3 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं की भागीदारी की संभावना है। इस अवसर पर प्रदेश में भी गिरजाघरों की विशेष सजावट की गई है। यह दिवस उत्साह के साथ मनाया जा रहा है।

समाचार संक्षेप में .....

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 27 दिसम्बर को स्वामित्व योजना के लाभार्थियों को इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से अधिकार अभिलेख का वितरण करेंगे तथा लाभार्थियों से बात करेंगे। आगरमालवा जिला मुख्यालय के साथ ही ग्राम पंचायतों में जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित कर कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा एवं सुना जाएगा।
- धार संगीत महाविद्यालय में आज तबला दिवस समारोह पूर्वक मनाया जाएगा। मध्यप्रदेश संस्कृति संचालनालय भोपाल के सौजन्य से तीन दिवसीय तबला प्रशिक्षण कार्यशाला का आज समापन होगा।

- आईडीएसपी शाखा ने सरकारी नर्सिंग कॉलेज, बाड़कुआ में "मानव स्वास्थ्य पर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव" विषय पर आशा सहयोगिनी के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण के दौरान जलवायु परिवर्तन से मानव स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों पर चर्चा की गई।
- शिवपुरी में जिला रोजगार कार्यालय, जिला व्यापार एवं उद्द्योग केन्द्र और शासकीय आई.टी.आई संस्थान के तत्वाधान में कल शासकीय आई.टी.आई. शिवपुरी में एक दिवसीय रोजगार मेला, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेला का आयोजन किया जाएगा।

……………………………………………